

मुझे कहना होगा कि हॉकी इंडिया ने कई अच्छे काम किए हैं, लेकिन यह फैसला शर्मनाक है। भारतीय टीम की पहचान और विरासत हमेशा से नीला रंग रही है। मैंने कई सालों तक गर्व के साथ नीली जर्सी पहनी है। - विरेन रास्किन्हा

पूर्व भारतीय कप्तान, भारतीय हॉकी टीम के भगवा रंग को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **स्टीफन फ्लेमिंग**



इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बड़ा फैसला लेते हुए पूर्व न्यूजीलैंड कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग को इंग्लैंड पुरुष टेस्ट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त कर दिया। इसके साथ ही अनुभवी बल्लेबाज जो रूट को एक बार फिर टेस्ट टीम की कप्तानी सौंप दी गई है। नियुक्ति के बाद स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा, ''इंग्लैंड टेस्ट टीम का मुख्य कोच बनना मेरे लिए बेहद रोमांचक है। विश्व क्रिकेट में यह कोचिंग की सबसे प्रतिष्ठित जिम्मेदारियों में से एक है और इस पद के लिए चुना जाना मेरे लिए सम्मान की बात है।'' मैं विशेष रूप से कप्तान जो रूट के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं।

**क्या आप जानते हैं ?...** जोशना चिनप्पा ने सीनियर नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप में रिकॉर्ड 17 बार जीत हासिल की है।

# राष्ट्रमंडल खेल 2026 : दिलीप गावित ने जीता स्वर्ण, मो. बासिल को रजत





ग्लासगो, 30 जुलाई। राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारतीय पैरा एथलेटिक्स दल ने बुधवार को इतिहास रच दिया। दिलीप गावित और मोहम्मद बासिल ने पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीतकर भारत को ऐतिहासिक डबल पोडियम दिलाया। दिलीप गावित ने 10.71 सेकेंड का समय निकालते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनका यह प्रदर्शन राष्ट्रमंडल खेलों का नया रिकॉर्ड भी बन गया। वहीं मोहम्मद बासिल ने 10.83 सेकेंड के साथ रजत पदक हासिल किया। दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में अपना सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारत का यह तीसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले भारोत्तोलन में मीराबाई चानू और पैरा शॉटपुट में शर्मिला धनकर भारत को स्वर्ण पदक दिला चुकी हैं।

## संघर्ष से शिखर तक दिलीप का सफर

महाराष्ट्र के नासिक जिले के निकट स्थित छोटे से गांव तोरण डोंगरी में एक साधारण किसान परिवार में जन्मे दिलीप गावित का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। बचपन में वह अपने माता-पिता के साथ खेतों में काम करते थे। महज पांच-छह वर्ष की उम्र में पेड़ से गिरने के कारण उनके दाहिने हाथ में गंभीर चोट लग गई। समय पर उचित इलाज नहीं मिलने से चोट गैंगरीन में बदल गई और कोहनी के नीचे से उनका हाथ काटना पड़ा। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद दिलीप ने हार नहीं मानी और पैरा एथलेटिक्स में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने इसी वर्ष इंडिया ओपन और नई दिल्ली ग्रां प्री में स्वर्ण पदक जीते थे। इसके अलावा 2022 एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की 400 मीटर टी47 स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी उनके नाम है। ग्लासगो में 100 मीटर टी47 स्पर्धा में दिलीप और मोहम्मद बासिल का शानदार प्रदर्शन भारतीय पैरा एथलेटिक्स के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। दोनों खिलाड़ियों ने एक साथ पोडियम पर स्थान बनाकर भारत का गौरव बढ़ाया और राष्ट्रमंडल खेलों में देश के पदकों की संख्या में महत्वपूर्ण इजाफा किया।

# नीरज समेत तीनों भारतीय भाला फेंक के फाइनल में







ग्लासगो, 30 जुलाई। भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने राष्ट्रमंडल खेल-2026 की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में जगह बना ली है। गुरुवार को क्वालीफिकेशन राउंड में नीरज के साथ भारत के रोहित यादव और यशवीर सिंह ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।


क्वालीफिकेशन राउंड में किसी भी खिलाड़ी ने 84 मीटर के स्वचालित क्वालीफिकेशन मानक को पार नहीं किया। ऐसे में सर्वश्रेष्ठ 12 खिलाड़ियों को फाइनल में प्रवेश दिया गया। नीरज चोपड़ा ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास में 79.61 मीटर भाला फेंका और कुल स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई।

भारत के रोहित यादव ने 78.37 मीटर के साथ नौवां और यशवीर सिंह ने 78.36 मीटर के साथ 10वां स्थान हासिल कर फाइनल का टिकट पक्का किया। इस तरह भारत के तीनों भाला फेंक खिलाड़ियों ने पदक दौर में प्रवेश कर देश की उम्मीदों को और मजबूत कर दिया।

क्वालीफिकेशन में श्रीलंका के रुमेश पाथिराजे ने 82.84 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स (81.29 मीटर) दूसरे और दक्षिण अफ्रीका के डाउ स्मिट (80.64 मीटर) तीसरे स्थान पर रहे। इंग्लैंड के बेन ईस्ट (80.38 मीटर) चौथे स्थान पर रहे, जबकि नीरज पांचवें स्थान पर रहे। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 78.63 मीटर के साथ सातवें स्थान पर रहकर फाइनल में जगह बनाई।

अब पुरुष भाला फेंक स्पर्धा का फाइनल 1 अगस्त को खेला जाएगा, जहां नीरज चोपड़ा 2018 गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण पदक दोहराने के इरादे से मैदान में उतरेंगे। भारत को इस स्पर्धा में तीन खिलाड़ियों के फाइनल में पहुंचने से पदक की मजबूत उम्मीदें हैं।

# अनिमेष कुजूर ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 200 मीटर के सेमीफाइनल में प्रवेश किया



ग्लास्गो, 30 जुलाई। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी अनिमेष कुजूर ने सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ समय निकालते हुए बुधवार को राष्ट्रमंडल खेलों में 200 मीटर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। 23 वर्ष के कुजूर ने 20 . 46 सेकेंड का समय निकालकर पहले दौर में चौथी हीट में जीत दर्ज की और कुल सातवें स्थान पर रहे। उन्होंने कैमरून के इमैनुएल एसेमे को पछाड़ा जिन्होंने मंगलवार को 9.83 सेकेंड के समय के साथ 100 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता था। दस हीट में से 16 सबसे तेज धावक बृहस्पतिवार को होने वाले सेमीफाइनल में खेलेंगे। एसेमे ने भी 20.73 सेकेंड के समय के साथ 14वें स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कुजूर के कोच मार्टिन ओवेन्स ने कहा कि यह जीत सेमीफाइनल से पहले भारतीय धावक के आत्मविश्वास को बढ़ाएगी। ओवेन्स ने कहा, ''अनिमेष ने आज शानदार प्रदर्शन किया। यह उनके लिए बेहतरीन प्रदर्शन था। मुझे लगा था कि सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें इससे भी तेज समय निकालना होगा।'' उन्होंने कहा, ''वह अच्छी लय में हैं और हम कल रात होने वाले सेमीफाइनल का इंतजार कर रहे हैं।



# संतोष और यशस पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में

ग्लास्गो, 30 जुलाई। भारतीय एथलीट यशस पलाक्षा और संतोष के तमिलरासन ने बुधवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में जगह बना ली। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी हीट में सबसे तेज दो क्वालीफायर के बाद तीसरे स्थान पर रहते हुए (फास्टेस्ट लूजर) के रूप में फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। संतोष ने दूसरी हीट में 49.51 सेकंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया जबकि यशस पहली हीट में 49.65 सेकंड का समय निकालते हुए तीसरे स्थान पर रहे। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी हीट में तीसरे स्थान पर रहकर फाइनल में प्रवेश किया। संतोष कुल मिलाकर सातवें और यशस आठवें स्थान पर रहे। तीन हीट में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाले धावकों ने सीधे आठ खिलाड़ियों के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

# श्रीशंकर ने लंबी कूद में जीता रजत

## एथलेटिक्स में भारत की चमक बरकरार



ग्लासगो, 30 जुलाई। भारत के स्टार लंबी कूद खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्थानीय समयानुसार बुधवार को पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा का रजत पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही उन्होंने बर्मिंघम 2022 में जीते गए रजत पदक की सफलता को दोहराया और लगातार दूसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों के पोडियम पर जगह बनाई। 27 वर्षीय श्रीशंकर ने अपने छह प्रयासों में दूसरे प्रयास में 8.09 मीटर की छलांग लगाई, जो उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। हालांकि दो प्रयास फाउल रहे, लेकिन पूरे मुकाबले में वह पदक की दौड़ में बने रहे। स्वर्ण पदक जमैका के तीन बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता ताजे गेल ने जीता। गेल ने चौथे प्रयास में 8.15 मीटर की छलांग लगाकर मुकाबले पर निर्णायक बढ़त बना ली। उनका यह प्रदर्शन पूरे मुकाबले का सर्वश्रेष्ठ रहा। स्कॉटलैंड के स्टीफन मैकेंज़ी ने पहले ही प्रयास में 8.08 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक हासिल किया। भारत के एक अन्य खिलाड़ी लोकेश सत्यनाथन ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 7.97 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। श्रीशंकर पूरे मुकाबले के दौरान बेहतरीन लय में दिखाई दिए और स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार बने रहे, लेकिन अनुभवी जमैकाई खिलाड़ी ताजे गेल ने निर्णायक क्षणों में शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजी मार ली। श्रीशंकर का यह रजत पदक राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारत के एथलेटिक्स अभियान के लिए एक और बड़ी उपलब्धि है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय एथलेटिक्स की लगातार बढ़ती मजबूती का प्रमाण भी है।

# ब्राजील से भिड़ सकती है भारतीय फुटबॉल टीम

नई दिल्ली, 30 जुलाई। पांच बार की वर्ल्ड चैंपियन ब्राजील की पुरुष फुटबॉल टीम 3 अक्टूबर को कोलकाता में भारत के खिलाफ इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच खेल सकती है। यह मुकाबला ब्राजील के 2026 इंटरनेशनल कैलेंडर का हिस्सा है। हालांकि, एआइएफएफ और ब्राजीलियन फुटबॉल कन्फेडरेशन ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

**ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद भारत आएगी ब्राजील टीम** – रिपोर्ट के मुताबिक, ब्राजील टीम सितंबर-अक्टूबर फीफा विंडो में तीन इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच खेलेगी। पहले दो मुकाबले 25 और 29 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया के टाउन्सविले और ब्रिस्बेन में होंगे। इसके बाद 3 अक्टूबर को कोलकाता में भारत के खिलाफ तीसरा और आखिरी मैच प्रस्तावित है। लंबे समय से चल रही थी चर्चा पिछले एक हफ्ते से ब्राजील के भारत दौरे को लेकर अटकलें तेज थीं।

# रहाणे ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

## भावुक संदेश में कहा- हर शुरुआत का एक अंत होता है



नई दिल्ली, 30 जुलाई। भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने बुधवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। भारतीय क्रिकेट के सबसे भरोसेमंद टेस्ट बल्लेबाजों में शामिल रहाणे ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक वीडियो संदेश जारी कर अपने 20 वर्षों से अधिक लंबे क्रिकेट सफर को विराम देने का फैसला सुनाया।

अपने संदेश में रहाणे ने कहा, ''ज़िंदगी की सच्चाई यही है कि हर शुरुआत का एक अंत होता है। जब वह समय आता है तो उसका सम्मान करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। बल्लेबाजी में मैंने हमेशा सही टाइमिंग पर भरोसा किया और उसकी अहमियत को समझा। आज मुझे लगता है कि आगे बढ़ने और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सहित खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का यही सही समय है।''

उन्होंने कहा, ''डोंबिवली से एक छोटे लड़के के रूप में अभ्यास करने के लिए सफर करने से लेकर भारत की टोपी पहनने तक, मैंने इस खेल को अपना सब कुछ दिया। हर दिन, हर पारी और बल्लेबाजी का हर मौका मेरे लिए भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना था। मैंने हमेशा एक सिद्धांत अपनाया कि देश और टीम हमेशा मुझसे ऊपर रहेंगे। मैंने पूरी ईमानदारी से क्रिकेट खेला और हमेशा विश्वास किया कि यदि आपकी नीयत सही हो तो खेल आपका साथ देता है।''

रहाणे ने भारतीय क्रिकेट से मिले अनुभवों को याद करते हुए कहा, ''प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से पिछले 20 वर्षों में भारतीय क्रिकेट ने जबरदस्त प्रगति की है और उसका हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है। एक भारतीय क्रिकेटर के रूप में मेरा अध्याय भले समाप्त हो रहा हो, लेकिन खेल के साथ मेरी यात्रा खत्म नहीं हुई है।

# यूएई अंडर-19 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई

नई दिल्ली, 30 जुलाई। यूएई महिला क्रिकेट टीम ने मेजबान मलेशिया को 1 रन से हराकर अंडर-19 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। एशिया क्वालिफायर का फाइनल बायुमास ओवल में खेला गया। यूएई पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 95 रन पर ऑलआउट हो गई। हालांकि मलेशिया को 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 94 रन के स्कोर पर रोककर मैच जीत लिया। आठ टीमों के इस रीजनल क्वालीफायर की शुरुआत 23 जुलाई को हुई थी। अंडर-19 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के अब तक 2 एडिशन खेले गए हैं। 2023 और 2025 में दोनों बार भारत ने जीत दर्ज की थी।

# विश्व स्क्वाश जूनियर टीम चैम्पियनशिप : भारतीय पुरुष टीम सेमीफाइनल में पहुंची, महिला टीम अमेरिका से हारकर बाहर



ओंटारियो, 30 जुलाई। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय पुरूष टीम इंग्लैंड को हराकर विश्व स्क्वाश जूनियर टीम चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गई जबकि महिला टीम अमेरिका से हारकर बाहर हो गई। भारतीय पुरूष टीम ने तीसरी वरीयता प्राप्त इंग्लैंड को हराया और मुकाबला अमेरिका से होगा। पिछले साल भारत ने इस स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। आर्यवीर दीवान ने रॉनी हिकलिंग को हराकर भारत को बढत दिलाई लेकिन इस्माइल खलील ने युशा नफीस को हराकर इंग्लैंड को बराबरी दिलाई। भारत के गुरवीर सिंह ने निर्णायक मुकाबला जीता। वहीं महिला वर्ग में हाल ही में विश्व जूनियर चैम्पियन बनी अनाहत सिंह ने दिया यादव को हराकर भारत को बढत दिलाई। लेकिन चार्लोट जे ने भारत की रूद्रा सिंह को हराया और अनिका दुबे को लिली बूरेल के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा।

# लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी 3 विकेट से विजेता

जयपुर, 30 जुलाई। मरुधर क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित द्वितिय अंडर-17 मरुधर क्रिकेट कप में खेले गये मैच मे मरुधर क्रिकेट एकेडमी और लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेले गये मैच में टॉस जीत कर मरुधर क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। मरुधर क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 177/10 34.3 में ऑल आउट हो गई। मरुधर क्रिकेट एकेडमी की ओर से सचिन गुर्जर ने 85 रन, अमन यादव ने 30 रन और लवेश शर्मा ने 18 रन बनाये। लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी और से गेदबाजी करते हुए हेमंत सैनी ने 41 रन देकर 3 रन विकेट, प्रियांशु माली ने 46 रन देकर के 2 विकेट, ओविश जागिंड ने 27 रन देकर के 2 विकेट और तेंजस जोशी ने 18 रन देकर के 2 विकेट लिया।

# जर्सी के भगवा रंग पर हॉकी इंडिया की सफाई, कहा- खिलाड़ियों और कोचों की तकनीकी सलाह पर हुआ फैसला



नई दिल्ली, 30 जुलाई। एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए भारतीय हॉकी टीमों की नई भगवा (केसरिया) जर्सी को लेकर उठे सवालों के बीच हॉकी इंडिया ने गुरुवार को आधिकारिक बयान जारी कर स्पष्ट किया है कि जर्सी के रंग में बदलाव खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की सिफारिशों तथा विस्तृत विचार-विमर्श के बाद किया गया है। संस्था ने कहा कि इस फैसले का मुख्य आधार तकनीकी जरूरत थी, न कि कोई अन्य कारण।

हॉकी इंडिया के अनुसार खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ ने महसूस किया कि पारंपरिक नीली जर्सी अंतरराष्ट्रीय हॉकी में प्रचलित नीले सिंथेटिक टर्फ के साथ काफी हद तक मेल खाती है। इससे खिलाड़ियों को मैदान पर एक-दूसरे को पहचानने और दृश्य स्पष्टता बनाए रखने में कठिनाई होती थी। इसी कारण खिलाड़ियों और कोचों ने पीले या केसरिया रंग जैसे वैकल्पिक विकल्प सुझाए।

बयान में कहा गया कि सभी सुझावों पर विचार करने के बाद केसरिया रंग को अंतिम रूप दिया गया। यह रंग न केवल तकनीकी दृष्टि से उपयुक्त है, बल्कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के तीन रंगों में से एक होने के कारण साहस, त्याग और राष्ट्रीय गौरव का भी प्रतीक है। हॉकी इंडिया ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय टीम की जर्सी के रंग में बदलाव कोई नई बात नहीं है। समय-समय पर व्यावहारिक और तकनीकी आवश्यकताओं के अनुसार टीम की जर्सी में बदलाव किए जाते रहे हैं। उदाहरण के तौर पर 2014 एफआईएच हॉकी विश्व कप के दौरान भारतीय टीम ने पीले रंग की जर्सी पहनी थी, जबकि 2018 एफआईएच हॉकी विश्व कप में टीम की जर्सी का रंग आसमानी नीला रखा गया था और उसका डिजाइन भी पूरी तरह बदला गया था।

हॉकी इंडिया ने अपने बयान के अंत में दोहराया कि मौजूदा केसरिया जर्सी का निर्णय पूरी तरह खिलाड़ियों और कोचों से मिले तकनीकी फीडबैक तथा राष्ट्रीय ध्वज से जुड़े इस रंग के प्रतीकात्मक महत्व को ध्यान में रखकर लिया गया है। इससे खिलाड़ियों को मैदान पर बेहतर दृश्यता मिलेगी।


**महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर**

**निविदा सूचना**

विश्वविद्यालय में स्टेशनरी आपूर्ति हेतु दर संविदा जारी की गयी हैं, जिसका यूबीएन **GSU2627GLRC00011** हैं। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी **http://sppp.rajasthan.gov.in** व **www.eproc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/26/8016 वित्त नियंत्रक

**राजस्थान आवासन मण्डल**

क्रमांक :- 117 दिनांक :- 30/07/2026

**संशोधित ईपीसी निविदा सूचना संख्या: 09/2025-26**

इस कार्यालय द्वारा जारी ईपीसी निविदा सूचना संख्या 09/2025-26 में संशोधन उपरान्त बिड़ प्रपत्र डाउनलोड व अपलोड करने की अन्तिम तिथि 07.08.2026 सायं 6.00 बजे तक, मूल प्रपत्र कार्यालय में जमा कराने की तिथि 10.08.2026 सायं 4.00 बजे तक, तकनीकी बिड़ खोलने की तिथि 12.08.2026 अपरान्ह 3.00 बजे एवं वित्तीय बिड़ खोलने की तिथि 25.08. 2026 प्रातः 11.00 बजे रहेगी। अन्य शर्तें मूल बिड़ अनुसार यथावत रहेगी।

राज.संवाद/सी/26/8101 अतिरिक्त मुख्य अभियंता-तृतीय, जयपुर

**महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक–डीपीएम / मप्रकृप्रौविवि / निविदा / 2026–27 / 03 / 7175 दिनांक:– 30.07.2026

**निविदा सूचना–(03) / (2026–27)**

कुलगुरू महोदय, म.प्र.कृ.प्रौ.वि.वि. उदयपुर की ओर से विश्वविद्यालय एवं समस्त अधीनस्थ इकाईयों हेतु विज्ञापन प्रकाशन सेवा (अनुमानित लागत रू. 15 लाख) की आपूर्ति के लिए मुहरबन्द निविदाएँ आंमत्रित की जाती है। समस्त शर्ते एवं विस्तृत विवरण www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.mpuat.ac.in पर देखी जा सकती हैं।

UBN : ATU2627SLRC00133 निदेशक (आयोजना एवं परिवेक्षण निदेशालय)

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, धौलपुर**

क्रमांक :- 417 दिनांक :- 20/07/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि उपज मंडी समिति, धौलपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु निम्न व्यवस्थाओं के लिए रजिस्टर्ड प्रतिष्ठित फर्मा/अधिकृत डीलरों/विक्रेताओ/संवेदको/ संस्थाओं से ऑन लाइन निविदाये निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि 04/08/2026 सायं 6:00 बजे तक एवं तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक 05/08/2026 प्रातः 10 बजे

| क्र. | व्यवस्था का नाम एवं UBN No. | अनु. राशि लाखों में | बिड सिक्योरिटी राशि रु. | निविदा शुल्क रु. | निविदा प्रोसेसिंग शुल्क रु. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मानव संसाधन उपापन सफाई ठेका UBN : DAM2627SLOB00361 | 20.00 | 0.40 लाख | 500 | 1180 |
| 2 | मानव संसाधन उपापन कम्प्यूटर आपरेटर आपूर्ति UBN : DAM2627SLOB00362 | 12.00 | 0.24 लाख | 500 | 1180 |
| 3 | मानव संसाधन उपापन चौकीदार / इलेक्टीशियन आपूर्ति। UBN : DAM2627SLOB00363 | 27.00 | 0.54 लाख | 500 | 1180 |

निविदा सूचना एवं अन्य शर्ते ई-निविदा पॉर्टल, **sppp.rajasthan.gov.in** एवं विभागीय बेवसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार मण्डी समिति को होगा।

प्रशासक सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, धौलपुर (राज०)

राज.संवाद/सी/26/8040

**OFFICE OF THE MUNICIPAL BOARD, DEOGARH**
Near Bus Stand Deogarh
Tel. No. 02904-252039 E-mail Id-EODEOGARH.LSG@RAJASTHAN.GOV.IN

S.No. F ( )/MBD/Engg./E-NIB/07/2026-27/1843 Date :- 27-07-2026

**Notice Inviting BID**
**NIB No 07/2026-27**

नगर पालिका देवगढ द्वारा निम्नांकित विकास कार्यो हेतु केन्द्र व राज्य सरकार के विभागो व अधिकृत संगठनो व स्वायत शासी संस्थाओ में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से इलेक्ट्रोनिक फारमेन्ट में आनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित विस्तृत विवरण व जानकारी वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in or http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**NIB CODE :- DLB2627A4876**
**UBN :- DLB2627WSOB11676, DLB2627WSOB11677, DLB2627WSOB11678, DLB2627WSOB11679, DLB2627WSOB11680**

–:: महत्वपूर्ण तिथियां ::–

| निविदा कार्यक्रम | तिथि व समय |
|---|---|
| कुल निविदा के कार्य | 05 |
| निविदा की अनुमानित लागत | 110.35 लाख |
| निविदा प्रकाशन की तिथि | 27.07.2026 09:00 AM |
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि | 27.07.2026 09:00 AM |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 05.08.2026 06:00 PM तक |
| भौतिक रूप से डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा कराने की तिथि | 06.08.2026 11:00 AM तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 06.08.2026 12:00 PM से |
| ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट | http://eproc.rajasthan.gov.in |
| दोष निवारण अवधि | नियमानुसार |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका देवगढ़

राज.संवाद / सी / 26 / 8024

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल बसेडी, धौलपुर (राज.)**
Email id :- baseri.jaipur21@gmail.com

क्रमांक:– न.पा.ब. / निर्माण / 2026 / 2863 दिनांक:– 27.07.2026

**ई- निविदा सूचना संख्या 13/2026-27**

**आमंत्रण सूचना**

नगरपालिका द्वारा निम्न कार्य हेतु केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के विभागो में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के अन्तर्गत ऑनलाइन आमन्त्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की तिथि 25.07.2026 समय प्रातः 10.00 बजे से प्रारम्भ की जाकर निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 03.08.2026 समय सांय 06.00 बजे तक होगी। एवं निविदा दिनांक 05.08.2026 को खोली जावेंगी। तकनीकी निविदा में सफल संवेदकों की ही वित्तीय विड खोली जावेंगी।

निविदा फॉर्म ऑनलाईन बेवसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड व डाउनलोड की जायेंगी। तथा ऑनलाईन बेवसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी निविदा शर्ते देखी जा सकती है।

| Sr.No. | UBN no. | Tender Id | Estimated Cost |
|---|---|---|---|
| 1 | DLB2627WSRC11691 | 2026_DLB_577560_1 | 17,12,880/- |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका बसेडी

राज.संवाद / सी / 26 / 8047

**कार्यालय नगर परिषद्, ब्यावर**
Tel No. 01462-258665, 257509 Email Add: npbeawar@gmail.com

क्रमांक / निर्माण / 2026–27 / 5327 दिनांक:– 23.07.2023

**ई–निविदा सूचना संख्या 08/2026–27**

नगर परिषद, ब्यावर द्वारा डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजनान्तर्गत 04 निर्माण कार्य परिषद के सम्बन्धित श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के सक्षम पंजीकृत ठेकेदारों से E-Procurement प्रकिया के तहत केवल www.eproc.rajasthan.gov.in की ऑनलाईन निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 13.08.2026 सांय 06:00 बजे तक निविदा भरी जा सकती है एवं ई–निविदा फार्म शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस की राशि नगर परिषद के IDFC First Bank के खाता संख्या 10123576694 आई.एफ.सी. कोड IDFB0042185 में जमा कराकर बोली धरोहर का डी.डी. /बैंकर चैक नगर परिषद, ब्यावर के निर्माण शाखा में दिनांक 14.08.2026 को प्रातः 11 बजे से पूर्व जमा कराना अनिवार्य कराना अनिवार्य है। कुल 04 निर्माण कार्य कराये जाने है। ई–निविदा सूचना की समस्त शर्ते SPPP पोर्टल पर देखी जा सकती है।

जिसका **NIB Code DLB2627A4863** है एवं **UBN No.** निम्नानुसार है:–
1. DLB2627WLOB11637 2. DLB2627 WLOB11639
3. DLB2627 WLOB11638 4. DLB2627 WLOB11640

आयुक्त
नगर परिषद, ब्यावर

राज.संवाद / सी / 26 / 8075

**जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

प्रभास्मि शशि सूर्ययोः

रजि. ऑफिस.- विद्युत भवन, ज्योति नगर, जयपुर-302005
Website : http://energy.rajasthan.gov.org/jvvnl
कार्यालय मुख्य अभियन्ता (कोटा संभाग), नयापुरा पॉवर हाऊस, खाई रोड़, कोटा- 324001
दूरभाष नं. - 0744- 2320881, 2450066 ईमेलः- zcekz@jvvnl.org

**ई-निविदा सूचना**

जयपुर डिस्कॉम में निम्न कार्य हेतु दो भागों में ई–निविदा (तकनीकी–वाणिज्यिक) एआरसी 2025 पर योग्य निविदादाताओं से श्रम दर पर आमंत्रित किये जाते है:– बारां वृत में, सहायक अभियंता (पवस) किशनगंज के अंतर्गत मायथा गाँव में, आवेदक हथियादेह सिंचाई परियोजना (XEN जल संसाधन ब्लॉक III, बारां) के लिए 11 KV 3–फेज लाइन और 33/11 KV GSS बृजनगर में 11 KV बे का निर्माण कार्य करने हेतु (टीएन–07 / 2026–27)। (UBN: VVN2627WSOB00252), सहायक अभियंता (पवस), किशनगंज के अंतर्गत करवारी कलां गाँव में, आवेदक हथियादेह सिंचाई परियोजना (XEN जल संसाधन ब्लॉक III, बारां) के लिए 11 KV 3–फेज लाइन और 33/11 KV GSS रेलावन में 11 KV बे का निर्माण कार्य करने हेतु (टीएन–08 / 2026–27)। (UBN: VVN2627WSOB00253) झालावाड़ वृत में उपखण्ड सहायक अभियंता (पवस–ग्रामीण), झालावाड़ के अन्तर्गत 33 / 11 केवी रुंजी सब स्टेशन व इसके अंतर्गत 33 केवी लाईन व 11 केवी इंटरकनेक्शन के निर्माण कार्य करने हेतु (टीएन–09 / 2026–27)। (UBN: VVN2627WSOB00254) कोटा वृत में उपखण्ड सहायक अभियंता (एचटीएम–डीडी), कोटा के अन्तर्गत 33 / 11 केवी निमोदा सब स्टेशन व इसके अंतर्गत 33 केवी लाईन व 11 केवी इंटरकनेक्शन के निर्माण कार्य करने हेतु (टीएन–10 / 2026–27)। (UBN: VVN2627WSOB00255), सहायक अभियंता (एचटीएम–डीडी), कोटा के अन्तर्गत 33 / 11 केवी कसार सब स्टेशन व इसके अंतर्गत 33 केवी लाईन व 11 केवी इंटरकनेक्शन के निर्माण कार्य करने हेतु (टीएन–11 / 2026–27)। (UBN: VVN2627WSOB00256) बूंदी वृत में उपखण्ड सहायक अभियंता (पवस), के. पाटन के अन्तर्गत 33 / 11 केवी केशवनगर सब स्टेशन व इसके अंतर्गत 33 केवी लाईन व 11 केवी इंटरकनेक्शन के निर्माण कार्य करने हेतु (टीएन–12 / 2026–27)। (UBN: VVN2627WSOB00257), सहायक अभियंता (पवस), करवर के अंतर्गत 132 KV GSS जरखोदा से विभिन्न 33/11 KV सब–स्टेशन और 33 KV लाइनों तक 04, 33 KV इंटरकनेक्शन का निर्माण कार्य करने हेतु (टीएन–13 / 2026–27)। (UBN: VVN2627WSOB00258) योग्य निविदादाता सम्पूर्ण निविदा सम्बन्धित दस्तावेज ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल **http://www.eproc.rajasthan.gov.in** पर दिनांक 01.08.2026 से डाउनलोड कर सकते है। निविदाऐं ऑनलाईन ई–पोर्टल पर दिनांक 10.08.2026 को सांय 05:00 बजे तक ही स्वीकार की जावेगी। निविदा सम्बन्धी जानकारी, कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेबसाईट **http://energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://www.eproc.rajasthan.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है।

राज.संवाद/सी/26/8028 जेपीआर - 3198 (2026) संभागीय मुख्य अभियंता (कोटा संभाग)

बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507